(2) (12)

न्यायालय जिला कलक्टर, झुंझुनूं

पीठासीन अधिकारीः– लक्ष्मण सिंह कुडी
आई.ए.एस.

प्रथम अपील संख्या 106/2022

रामोतार मीणा, निवासी ग्रा0पो0 भडौन्दा खुर्द, तहसील व जिला झुंझुनूं, पिनकोड 333024, मो0न0 9983644723

बनाम

लोक सूचना अधिकारी (अति0 जिला कलक्टर) झुंझुनूं।

– –

सूचना का अधिकार अधिनियम
के तहत प्रस्तुत प्रथम अपील.

आदेश

दिनांक 11.04.2022

1. पत्रावली आज पेश हुई। प्रार्थी (अपीलार्थी) द्वारा यह प्रथम अपील प्रार्थना पत्र सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत दिनांक 25.03.2022 को इस न्यायालय में प्राप्त होने पर प्रथम अपील मिसल नम्बर 106/2022 पर दिनांक 25.03.2022 को दर्ज की गई। अपीलार्थी द्वारा उक्त अपील लोक सूचना अधिकारी (अति0 जिला कलक्टर) झुंझुनूं के विरूद्व पेश की गई है।
2. अपीलार्थी द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत सूचना प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र लोक सूचना अधिकारी (अति0 जिला कलक्टर) झुंझुनूं को प्रस्तुत कर आवेदन पत्र में वर्णित सूचना चाही गई।
3. लोक सूचना अधिकारी (अति0 जिला कलक्टर) झुंझुनूं से इस कार्यालय के पत्रांक पाठक/2022/1202–03 दिनांक 25.03.2022 द्वारा तथ्यात्मक टिप्पणी चाही गयी थी।
4. लोक सूचना अधिकारी (अति0 जिला कलक्टर) झुंझुनूं ने पत्रांक एफ 16 (4)(5) न्याय/सू0अ0/22/404 दिनांक 02.03.2022 द्वारा रिपोर्ट प्रस्तुत कर निवेदन किया कि अपीलार्थी श्री रामोतार मीणा निवासी भडून्दा खुर्द तहसील व जिला झुंझुनूं पिन नं0 333024 का आवेदन पत्र इस कार्यालय मे दिनांक 02.03.2022 को प्राप्त हुआ। अपीलार्थी द्वारा चाही गई सूचना के संबंध मे इस कार्यालय के पत्र कमांक एफ 16 (4)(5) न्याय/सू0अ0/09/89 दिनांक 14.03.2022 के द्वारा प्रभारी अधिकारी भू अभिलेख अनुभाग कलेक्ट्रेट, झुंझुनूं को नियमानुसार प्रार्थी को सूचना उपलब्ध करानें हेतु पत्र भिजवाया गया है। प्रभारी अधिकारी भू अभिलेख अनुभाग कलेक्ट्रेट, झुंझुनूं ने अपने पत्र कमांक 766–67 दिनांक 23.03.2022 के द्वारा अवपीलार्थी को सूचना उपलब्ध करवाते हुए अवगत करवाया की प्रार्थी द्वारा चाही गई सूचना के संबंध मे भू प्रबन्ध विभाग सीकर को पत्र कमांक 3236 दिनांक 13.09.2021 को लिखा गया है। आप उक्त विभाग मे सम्पर्क कर सूचना प्राप्त कर सकते है। अतः अपीलार्थी की अपील खारीज फरमायी जावें।
5. अपीलार्थी सुनवाई हेतु उपस्थित नहीं।
6. लोक सूचना अधिकारी (अति0 जिला कलक्टर) झुंझुनूं ने पत्रांक एफ 16 (4)(5) न्याय/सू0अ0/22/404 दिनांक 02.03.2022 द्वारा रिपोर्ट प्रस्तुत कर निवेदन किया कि अपीलार्थी श्री रामोतार मीणा निवासी भडून्दा खुर्द तहसील व जिला झुंझुनूं पिन नं0 333024 का आवेदन पत्र उनके कार्यालय मे दिनांक 02.03.2022 को प्राप्त हुआ। अपीलार्थी द्वारा चाही गई सूचना के संबंध मे उनके कार्यालय के पत्र कमांक एफ 16 (4)(5) न्याय/सू0अ0/09/89 दिनांक 14.03.2022 के द्वारा प्रभारी अधिकारी भू अभिलेख अनुभाग कलेक्ट्रेट, झुंझुनूं को

Signature Not Verified
Digitally signed by Laxman Singh Kuri
Date: 2022.04.26 10:13:50 IST
Reason: SelfAttested

जिला कलक्टर झुन्झुनूं

नियमानुसार प्रार्थी को सूचना उपलब्ध कराने हेतु पत्र भिजवाया गया है। प्रभारी अधिकारी भू अभिलेख अनुभाग कलेक्ट्रेट, झुंझुनूं ने अपने पत्र कमांक 766–67 दिनांक 23.03.2022 के द्वारा अवपीलार्थी को सूचना उपलब्ध करवाते हुए अवगत करवाया की प्रार्थी द्वारा चाही गई सूचना के संबंध मे भू प्रबन्ध विभाग सीकर को पत्र कमांक 3236 दिनांक 13.09.2021 को लिखा गया है कि आप उक्त विभाग मे सम्पर्क कर सूचना प्राप्त कर सकते है। चूंकि अपीलार्थी का प्रार्थना पत्र नियमानुसार संबंधित को अन्तरित किया जा चुका है जिसकी सूचना अपीलार्थी को दी जा चुकी है। अतः अपीलार्थी का अपील प्रार्थना पत्र स्वीकार योग्य नहीं होने से खारीज किया जाता है।

7. अपीलार्थी को यह भी सूचित किया जाता है कि आप इसकी द्वितीय अपील माननीय राज्य सूचना आयोग जयपुर के यहां निर्धारित समयावधि में कर सकते है।

आदेश आज दिनांक 11.04.2022 को खुले न्यायालय में सुनाया गया।

(एल0एस0कुडी)
जिला कलक्टर, झुंझुनूं

जिला कलक्टर झुंझुनूं

Signature Not Verified

Digitally signed by Laxman Singh Kuri
Date: 2022.04.26 10:13:50 IST
Reason: SelfAttested